अंबिकावाणी 10 मार्च 2021

...म्बिकावाणी समाचार) - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रामेश्वर शर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ.खूबचंद ...ा योजना अन्तर्गत जिले के अधिक से अधिक हितग्रहीयों को लाभ देने के उद्देश्य से झआपके द्वार आयुष्मानझ कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके योजनांतर्गत पंजीकृत स्वास्थ्य केंद्रों तथा एक्टिव लोक सेवा केंद्रों में 31 मार्च तक निःशुल्क पात्रतानुसार आयुष्मान भारत ई-कार्ड बनाया जा रहा है। इस हेतु ...ंक जातीय जनगणना 2011 के बीपीएल परिवार एवं समस्त राशनकार्डधारी परिवार को अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड व मोबाईल नंबर लाना अनिवार्य है। ...री के लिए अपने ग्राम के सरपंच, सचिव, एनएम, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते है।



# लैंगिक विभेद और स्त्री जीवन विषय पर महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन





बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार) - 8 मार्च 2021 को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, बैकुंठपुर की आई.क्यू.ए.सी और एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वाधान में लैंगिक विभेद और स्त्री जीवन विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के उद्घाटन भाषण से हुई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. उमा गुप्ता (सहायक प्रवक्ता, दिल्ली विश्वविद्यालय), विशिष्ट अतिथि महेश राज(सचिव, विधिक साक्षरता), सुश्री रश्मि नेताम (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), सुश्री रेशमा बैरागी (व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1), डॉ. सबा परवीन (मेडिकल ऑफिसर, जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर) ने शिरकत की। छात्राओं ने करमा और बस्तरिया लोक नृत्यों, काव्य पाठ और महिला मुद्दों पर नाट्य प्रस्तुति के साथ सफलतापूर्वक इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को अंजाम दिया। अपने वक्तव्य में महेश राज ने कहा कि महिला सशक्तिकरण आज अपने असल मायनों में चरितार्थ हो रहा है। जब महिलाएँ घरेलू जिम्मेदारियों के अतिरिक्त समाज और देश को नेतृत्व देने की भूमिकाओं में आ रही हैं, इससे न केवल महिलाएँ मजबूत हो रही हैं अपितु पूरा समाज मजबूत हो रहा है। डॉ. सबा परवीन जो पेशे से चिकित्सक हैं, उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य सम्बन्धी अपने कई व्यक्तिगत अनुभवों को छात्राओं के साथ साझा किया। उन्हें अपने शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहने कि सलाह दी। स्त्री रोगों के प्रति संकोच के स्थान पर सजगता का रवैया अपनाने की बात कही। सुश्री रश्मि ने छात्राओं को कई महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियों के साथ संविधान और विधि द्वारा महिलाओं को प्राप्त विशेष अधिकारों से अवगत करवाया। साथ ही छात्राओं के प्रश्नों और जिज्ञासाओं पर भी चर्चा की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ उमा गुप्ता ने अपनी बातचीत की शुरूआत महिला अधिकारों के प्रति सचेत करने वाले कुछ नारों के साथ की। उनके इस नारे में साथ देते वक्त लड़कियों की खुशी झलक रही थी और उन्होंने बहुत उत्साह के साथ इसमें भागीदारी की। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने महिला दिवस मनाये जाने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पहली बार 8 मार्च 1857 को न्यूयार्क में कपड़ा मजदूर महिलाओं ने 8 घंटे काम, वोट डालने का अधिकार, यूनियन बनाने का अधिकार, न्यूनतम वेतन और बालश्रम से मुक्ति की मांग को लेकर मार्च किया, जिसके प्रतीक स्वरूप आगे चलकर 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाने लगा। इसके पश्चात उन्होंने पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले, फातिमा शेख और पहली महिला डाक्टर आनंदी गोपाल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके और उन जैसी अनेक जुझारू महिलाओं के संघर्षों की बदौलत हम यहाँ कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में महिला दिवस मना पा रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि सेक्स और जेंडर के बीच के बारीक अंतर को हमें समझने की आवश्यकता है। प्रकृति इंसान को अलग-अलग सेक्स के रूप में पैदा करती है लेकिन उनका जेंडर के रूप में विभाजन हमने बनाया हुआ है। जेंडरगत विभाजन ही स्त्री को निचले और पुरुष को ऊँचे दर्जे पर स्थापित करता है।

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

AISHE C-9716

## 08 मार्च 2021 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी (लैंगिक विभेद एवं स्त्री जीवन) एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम









AISHE C-9716

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

अंबिकावाणी 26/8/2017

(2)

अंबिकावाणी 26 अगस्त

# छात्राओं को सिखाये गये यातायात के नियम





बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के आदेशानुसार एवं एडिशनल एसपी निवेदिता पाल के दिशा निर्देश पर शुक्रवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की छात्राओं को यातायात नियमों एवं चिन्हों की जानकारी दी गई। साथ ही नाबालिग छात्राओं को वाहन न चलाने की समझाइश भी देते हुए हेलमेट के प्रति जागरुक किया गया। इस मौके पर छात्राओं को भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन ना करने के लिए संकल्पित किया गया। इस मौके पर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर देने वाली छात्राओं को यातायात विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक सुश्री अंजना केरकेट्टा के द्वारा महिलाओं से संबंधित अपराध एवं विभिन्न घटनाओं की जानकारी दी गई एवं उससे बचने के सुझाव भी दिए गए। यातायात जागरुकता अभियान के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती पाल महाविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं एवं पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक सुश्री अंजना केरकेट्टा यातायात प्रभारी सूबेदार बुधेश्वर सिंह एवं प्रधान आरक्षक किशन रामभगत आरक्षक राकेश मिश्रा सैनिक महेश मिश्रा एवं सैनिक राजेश उपस्थित थे।

नई दुनिया 7 सितम्बर

# जेंडर समता प्रहरी अभियान शुरू

## महिला-पुरुष लिंग समानता पर दिया गया जोर

बैकुंठपुर। नईदुनिया न्यूज

प्रतिभा और हुनर के मामले में महिलाएं-पुरुषों से कम नहीं हैं। आवश्यकता है उन्हें अपने हुनर की पहचान कर सही दिशा देने की। समाज के बहुमुखी विकास में योगदान देने तथा अपनी सार्थकता सिद्ध करने नारी शक्ति को आगे आना होगा। ये बातें शासकीय रामानुज महाविद्यालय में बुधवार को जेंडर समता प्रहरी अभियान का शुभारंभ के दौरान महिला आयोग अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय ने कही।

श्रीमती पाण्डेय कहा कि महिलाओं को देश और समाज के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करने और खुद को स्थापित करने पारंपरिक कथों से ऊपर उठ सकारात्मक प्रयास करना होगा। सरकार उनकी हर तरक्की में बराबर की भागीदार है। अशिक्षा, बाल विवाह और कुपोषण जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने का आह्वान करते हुए इनके खात्मे के लिए सबको एकजुट होने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने बेटी बचाने व पढ़ाने का संकल्प लिया। बताया गया कि बालिकाओं महिलाओं की संरक्षण हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर की स्थापना की गई है। जिसका मूल उद्देश्य कार्यक्षेत्र में बच्चों व महिलाओं को शोषण व प्रताड़ना से बचाने है। महलपारा में संचालित इस सेंटर में 24 घंटे में कभी भी महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। भाजपा महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र तिवारी ने बच्चों एवं महिलाओं के संबंध में आवश्यक जानकारियां उपस्थित प्रधानपाठक एवं छात्राओं के समक्ष रखी। संरक्षण अधिकारी के तौर पर संस्थागत देख रहे अली अहमद ने बालकों के साथ लैंगिक अपराध की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास अधिकारी रमाकांत चंद्राकर, चाइल्ड लाइन के सदस्य, कन्या महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। फिल्म खुशी दिखाने के साथ कार्यक्रम का समापन जिला बाल संरक्षण अधिकारी आशीष कुमार गुप्ता ने सभी मेहमानों का आभार प्रकट किया।



छात्रा का सम्मान करते अतिथि।

### महिला-पुरुष के बीच का भेद दूर करना उद्देश्य

महिला आयोग अध्यक्ष हर्षिता पांडे ने कहा कि जेंडर समता प्रहरी अभियान का उद्देश्य महिला-पुरुष के बीच लैंगिक भेदभाव को दूर करना है। महिला-पुरुष दोनों को यह समझाना है कि वह एक-दूसरे के पूरक हैं। उनके बीच समानताएं हैं और वे सम्मान के हकदार हैं। अभियान में महिला आयोग के साथ स्कूल और उच्च शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, युवा कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग और विधि विभाग को भी जोड़ा गया है।

नई दुनिया 07/9/2017

Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# जेण्डर समता प्रहरी अभियान

## दिनांक – 06/09/2017









Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

कोरिया भास्कर 25 जनवरी 2020

25 जनवरी 2020



**राष्ट्रीय बालिका दिवस** 400 छात्राओं ने बालिका दिवस पर तलवापारा से घड़ी चौक तक बेटी बचाने दो किमी रैली में लगाया नारा

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं ने दिया संदेश- बहनों-माताओं चुप्पी तोड़ो और अन्याय का विरोध करो

भास्कर न्यूज | बैकुंठपुर

बालिका दिवस पर शुक्रवार को गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने घड़ी चौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या और बेटियों को आजादी से जीने और पढ़ने देने का संदेश दिया।

30 छात्राओं के दल ने आधुनिक युग में नारियों पर हो रहे अत्याचार का तीन चरण में मंचन कर लोगों को आकर्षित किया। नाटक के पहले चरण में बेटी के जन्म होने पर खुश न होना, दूसरे नौकरी पेशा महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न की घटनाएं और तीसरे चरण महिलाओं पर हो रहे अत्याचार का चित्रण किया गया। नाटक के माध्यम से महिलाओं को चुप्पी तोड़ने और उनके साथ हो रहे अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य और प्रोफेसर समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग छात्राओं को उत्साहित करने पहुंचे। इससे पहले तलवापारा स्थित कॉलेज से घड़ी चौक तक रैली निकाली गई और कॉलेज परिसर में मुख्य अतिथि कलेक्टर डोमन सिंह ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के लिए कॉलेज स्टाफ को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य नीलिमा कच्छप उपस्थित रहीं।

नाटक में शक्ति, किरण, प्रीति, कौशर, उर्मिला, ज्योति, नीरा समेत कॉलेज की 400 छात्राएं शामिल रहीं। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज स्टाफ की दीपशिखा मिश्रा, निकिता दुबे, सुनीता विश्वकर्मा, नासमा बेगम व देवेंद्र मिश्रा सक्रिय रहे।

### छात्राओं ने नारियों के अत्याचार और उनके सशक्तिकरण के लिए दिया संदेश




नाटक का मंचन करतीं गर्ल्स कॉलेज की 30 छात्राएं।

### भ्रूण हत्या रोकने और बेटियों को पढ़ाने के लिए नाटक के माध्यम से दिया जोर

शासकीय गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने एनएसएस के बैनर तले 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों के महत्व को बताने के लिए घड़ी चौक में नुक्कड़ नाटक कर संदेश दिया। नाटक के माध्यम से भ्रूण हत्या, बेटियों को पढ़ाने समेत उनके अन्य अधिकार की रक्षा करने की जानकारी दी। छात्राओं ने बताया कि आज हर तकनीकी विज्ञान से लेकर प्रशासनिक व्यवस्था को महिलाएं संभाल रहीं हैं। महिलाएं चांद पर पहुंच गईं, लेकिन हमारे देश में आज भी कुछ रूढ़ीवादी विचारधारा के लोग बेटे की चाहत में बेटियों की जन्म से पहले ही हत्या करा देते हैं, जो कानूनी और नैतिक रूप से पूरी तरह गलत है।

## सबको मिलकर बेटियों का संरक्षण करना होगा



नाटक का मंचन करतीं गर्ल्स कॉलेज की 30 छात्राएं।

मनेंद्रगढ़। नेहरू युवा केंद्र संगठन बैकुंठपुर के डीवायसी पवन गुप्ता के मार्गदर्शन में ब्लॉक मनेंद्रगढ़ के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक लाला लाजपत प्रजापति ने शुक्रवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पद यात्रा के माध्यम से रैली का आयोजन किया। नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ के उपाध्यक्ष कृष्णमुरारी तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर 1 किलोमीटर की पद यात्रा को रवाना किया। इसमें बड़ी संख्या में बालिकाएं उपस्थित रहीं। बालिकाओं ने भी नारे लगाए। कार्यक्रम में सहयोग के लिए राष्ट्रीय युवती स्वयं सेविका मधु दीवान, विधिक सहायता से अंजनी यादव, मधु यादव, आर्य समाज मंत्री विवेक तिवारी उपस्थित रहे। नपा उपाध्यक्ष ने लोगों से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे को सार्थक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में उल्लेख है कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवता वास करते हैं। हमारी परंपरा में नारी का स्थान बहुत ऊंचा है, इसलिए गिरते लिंगानुपात को रोकना होगा। सबको मिलकर बेटियों का संरक्षण करना होगा। वहीं लाला लाजपत प्रजापति ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सभी व्यक्तियों की जिम्मेदारी है। रैली में कांग्रेस जिला संयुक्त महामंत्री बलवीर सिंह अरोरा, शुद्धूलाल वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कोषाध्यक्ष मो. अब्बार अहमद, सुनील त्रिपाठी, ब्लॉक महामंत्री गिरधर जायसवाल उपस्थित रहे।

Govt. Naveen Girls College AISHE C-9716 Baikunthpur

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर

## बालिका दिवस दिनांक 24.01.2020













Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
# बैकुण्ठपुर, जिला– कोरिया (छ0ग0)

Email Address = navingirls.bkp@gmail.com

*राष्ट्रीय बालिका दिवस*
*थीम :– बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ*

भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार माननीय प्रधानमंत्री ने लिंगानुपात में सुधार के लिए 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ योजना, लिंगानुपात में सुधार व महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शुरू की थी।

बेटी बचाओं बेटी पढाओ थीम पर 24 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया जाना था, जिसके पालनार्थ भारत सरकार युवा कार्यकम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित एवं संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकम समन्वयक डॉ0 अनिल कुमार सिन्हा एवं प्रो0 एम0सी0 हिमधर जिला संगठक जिला कोरिया के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ थीम पर राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिताएं ऑनलाईन माध्यम से आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों में स्वयं सेवकों द्वारा आमजनों को जागरूक करने के लिए बेहतर प्रदर्शन किया गया। इसी तरह ग्राम ओडगी में कु. सोनिया राजवाड़े एवं ग्रुप, ग्राम बस्ती में कु. वर्षा सिंह एवं ग्रुप और ग्राम आमापारा में कु. नीलम एवं ग्रुप द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं थीम पर नुक्कड़ नाटक में नारियों पर होने वाले अत्याचार को चित्रण कर प्रस्तुत किया गया।


नुक्कड़ नाटक के अंत में समस्त नागरिकों को संदेश दिया गया कि महिलाऐं, पुरूषों से कम नहीं है। बेटा और बेटी को समान समझा जाए तथा उनको आगे पढ़ने और आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए। अपने अधिकार के प्रति महिलाओं को स्वयं जागरूक होते हुए समाज को भी जागरूक होने का आव्हान किया। साथ ही समाज में हो रहे महिलाओं पर दुराचार के प्रति लोगों को अपनी चुप्पी खत्म कर उसका विरोध करते हुए उनकी रक्षा करने के लिए प्रेरित किया।


महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ डॉ0 कामिनी, श्री के.जेड.उस्मानी, श्री रितेश गुप्ता, श्री विपिन सिंह, श्री महेन्द्र कुमार कुर्रे, श्री भागवत प्रसाद साहू, श्रीमती मोनिका गौर, श्री सत्येन्द्र सिंह पैकरा एवं श्री बिनयामिन लकड़ा सभी ने समस्त बालिकाओं को बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी।

Govt. Naveen Girls College AISHE C-9716 Baikunthpur


प्राचार्य
PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

# राष्ट्रीय बालिका दिवस 24.01.2021 को नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागृत करती छात्रायें







AISHE C-9716

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# राष्ट्रीय बालिका दिवस 24.01.2021 पोस्टर प्रतियोगिता




AISHE C-9716

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# राष्ट्रीय बालिका दिवस 24.01.2021 रंगोली प्रतियोगिता




Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)


कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

शास० नवीन कन्या महा० वि० बैकुण्ठपुर

अंबिकावाणी 26 नवम्बर



# मनाया गया महिला जागृति दिवस






बैकुण्ठपुर (अंस)/ जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में महिला हिंसा उन्मूलन दिवस को महिला जागृति शिविर के रूप में मनाया गया। महिला जागृति शिविर का आयोजन महिला बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में किया गया। शिविर में रामानुज प्रताप सिंह देव महाविद्यालय बैकुण्ठपुर की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रमाकांत चंद्राकर ने महिला जागृति शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं, बालिकाओं के हिंसा के विरूध्द संरक्षण एवं सुरक्षा हेतु समाज के सोच में बदलाव, उचित शिक्षा और परिवेश में बदलाव आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी शक्ति को पहचानने की आवश्यकता है और वे अपने आपको अबला ना मानें। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हो रही हिंसा एवं दुर्व्यवहार का उन्हें डटकर विरोध करना चाहिए। चंद्राकर ने महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने विचार खुलकर सहज और निडरता से करने की समझाईश दी। शिविर को समाज कल्याण विभाग की श्रीमती अंजना रोस बेक ने भी संबोधित किया। उन्होंने महिलाओं व बालिकाओं में आत्मबल विकास पर जोर दिया। उन्होंने कन्याओं को अपने सुरक्षा के प्रति सजग और जागरूक रहने की सलाह दी। शिविर में वक्ताओं द्वारा महिलाओं के लिए विभिन्न वैधानिक प्रावधानों तथा शासकीय कार्यक्रमों व योजनाओं के संबंध में महाविद्यालय के छात्राओं को जानकारी दी। शिविर में महाविद्यालय के छात्राओं ने अपनी बातों और समस्याओं को सामने रखा। इस अवसर पर उनकी समस्याओं का समाधान भी किया गया और उनके अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इसी प्रकार वक्ताओं द्वारा बाल विवाह, पर्दा प्रथा, दहेज प्रथा, बालिका भ्रूण हत्या जैसे अपराधों की रोकथाम के लिए बनाये गये कानून के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में जिला बाल संरक्षण अधिकारी आशीष कुमार गुप्ता, अधिवक्ता जयश्री श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक द्वय ब्रिजेश कुमार एवं कुसुम प्रजापति, संरक्षण अधिकारी रेणु सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

Govt. Naveen Girls College
AISHE
C-9716

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# शास0 नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर

## महा विद्यालय में महिला जागृति शिविर 2016–17






Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)